# जीआईसी, जीजीआईसी में प्रवक्ता के 1473 पदों के लिए आवेदन शुरू

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग राजकीय इंटर कॉलेजों एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेजों (जीआईसी-जीजीआईसी) में प्रवक्ता के 1473 पदों के लिए मंगलवार से भर्ती प्रक्रिया शुरू कर रहा है। आयोग की ओर से 22 दिसंबर से 22 जनवरी 2021 के बीच ऑनलाइन आवेदन लिया जाएगा। जीआईसी के 991 एवं जीजीआईसी के 482 पदों पर भर्ती होगी।

पहली बार प्रवक्ता पदों के लिए चयन मुख्य परीक्षा से होगा। आयोग ने भर्ती से साक्षात्कार हटा दिया है।उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सचिव जगदीश का कहना है कि राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के लिए प्रवक्ता पदों की भर्ती के लिए पहली बार साक्षात्कार नहीं होगा। सरकार ने साक्षात्कार विलोपन प्रक्रिया के तहत प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा के माध्यम से प्रवक्ता के पदों पर चयन का निर्णय लिया है। सचिव ने बताया कि मुख्य परीक्षा की मेरिट के आधार पर चयन किया जाएगा। अभी तक आयोग की ओर से राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के लिए प्रवक्ता पदों के लिए स्क्रीनिंग परीक्षा के बाद साक्षात्कार के बाद चयन होता था। ब्यूरो

ZEE
रोग प्रतिरोध